तुमसा कोई देव नहीं है,
इस सारे संसार में,
गिरजा नंदन आ जाओ,
आज भरे दरबार में।।

प्रथम पूज्य हे शम्भू सुवन,
मूसक चढ़के आ जाओ,
भक्त तुम्हारी राह तके,
मोहनी मूरत दिखलाओ,
कबसे नैन बिछाकर बैठे,
हम सब तेरे प्यार में,
गिरजा नंदन आ जाओं,
आज भरे दरबार में।।

वक्रतुंड हम आज तुम्हे,
मोदक भोग लगाएंगे,
तेरी प्यारी छवि प्रभु,
ह्रदय बीच बसायेंगे,
स्वागत हर पल है तेरा देवा,
भगतों के घर बार में,
गिरजा नंदन आ जाओं,
आज भरे दरबार में।।

रिद्धि सिद्धि के स्वामी हो,

शुभ और लाभ के दाता हो,
लम्बोदर हे गणनायक,
तुम ही भाग्य विधाता हो,
बैठे है गुलशन में हम सब,
तेरे इंतज़ार में,
गिरजा नंदन आ जाओं,
आज भरे दरबार में।।

तुमसा कोई देव नही है,
इस सारे संसार में,
गिरजा नंदन आ जाओ,
आज भरे दरबार में।।

गायक सोनू गुप्ता।
9984934720

Source: https://www.bharattemples.com/girja-nandan-aa-jao-aaj-bhare-darbar-me/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw